SUBSCRIBE

PLATINUM CLASSES

CLASS 10 Hindi

रचना के आधार पर वाक्य के भेद



साधरण वाक्य या सरल वाक्य

जिन वाक्य में एक ही क्रिया होती है, और एक कर्ता होता है, वे साधारण वाक्य कहलाते है|

जैसे-

नौकर ने समय पर काम पूरा कर लिया|

संयुक्त वाक्य

जिस वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य मिले हों, परन्तु सभी वाक्य प्रधान हो तो ऐसे वाक्य को संयुक्त वाक्य कहते है।

जैसे -

वह सुबह गया और शाम को लौट आया।

या, वा, अथवा, इसलिए, और, किंतु, परंतु, लेकिन, तथा, एवं आदि से जुड़े होते हैं।

मिश्रित वाक्य

जिस वाक्य में एक से अधिक वाक्य मिले हों, किन्तु एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य हों, मिश्रित वाक्य कहलाता है।

जैसे-

सफल वही होता है जो परिश्रम करता है।

जैसा-वैसा, जो-सो, जिसकी-उसकी, जहाँ-वहाँ, जब-तब, जैसी-वैसी, यदि-तो, – जब तक-तब तक, जिन्हें-उन्हें आदि से जुड़े होते हैं।

निम्नलिखित वाक्यों को रचना के भेद के आधार पर पहचानकर लिखिए –

1. मनोज घर आते ही मैच देखने लगा। सरल वाक्य
2. जो छात्र विज्ञान में रुचि लेते हैं वही डॉक्टर इंजीनियर बनते हैं। मिश्र वाक्य
3. आप चाय लेंगे अथवा कॉफ़ी। संयुक्त वाक्य
4. बच्चे को सड़क पार करनी थी, पर वह साइकिल से टकरा गया। संयुक्त वाक्य
5. गौरैयों को पकड़ने वाली बिल्ली को कुत्ते ने काट खाया। सरल वाक्य

SUBSCRIBE

PLATINUM CLASSES